<table>
<tr><td>तारीख हुक्म</td><td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
अर्जून सिंह
बनाम
लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)
सू.अ.अपील संख्या—ऑनलाईन अपील संख्या 353713632977529</td><td>न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td></tr>
<tr><td>13/01/26</td><td>अपीलार्थी अर्जून सिंह निवासी कॉकरियों की पोल तिंवरी, तहसील तिंवरी जिला जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 14.11.2025 जिला कलक्टर जोधपुर द्वारा जारी संपरिवर्तन आदेश दिनांक 24.01.2008 श्री घेवरराम पुत्र श्री अकाराम जाति मेघवाल के नाम किया हुआ है। उक्त आदेश से संबंधित मिसल मय, लेआउट व सम्पूर्ण दस्तावेजों की सत्यापित प्रतिलिपि से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 02.01.2026 अनुसार आवेदक को आज दिनांक वांछित सूचना नहीं दी गई है।

अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर</td><td></td></tr>
</table>

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.13 13:25:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19900351